BULANDSHAHRPOLICE

दिनांक 07 मार्च, 2025 **थाना जहांगीरपुर**

ऑनलाइन ठगी किये गये कुल 99,001/- रुपये थाना जहांगीरपुर पुलिस द्वारा अथक परिश्रम कर बैंक खाते में वापस करायें।

दिनांक 08-02-2025 को श्री मनीष कुमार निवासी ग्राम जवां थाना जहांगीरपुर जनपद बुलन्दशहर द्वारा एनसीआरपी पोर्टल पर एक शिकायत की गयी जिसमें अज्ञात व्यक्ति द्वारा क्रेडिट कार्ड के माध्यम से आवेदक के खाते से कुल 1,03,000/- रूपये की आनलाइन ठगी/निकासी किये जाने के आरोप अंकित किये गये थे। थाना जहांगीरपुर साइबर हैल्प डेस्क द्वारा अथक परिश्रम करते हुए आवेदक के 99,001/- रुपये वापस कराये गये। आवेदक द्वारा थाना जहांगीरपुर पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

सावधानः- किसी अनजान व्यक्ति से खाता संख्या, पिन, ओटीपी, सीवीवी नम्बर इत्यादि साझा न करें।
खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकलने की दशा में तुरन्त 1930 पर कॉल करें।

मीडिया सैल बुलन्दशहर